# संशोधित नियमावली
# पूर्णकालिक पी–एच.डी. प्रोग्राम जून 2023

2023

## देव संस्कृति विश्वविद्यालय
## गायत्रीकुंज, हरिद्वार उत्तराखण्ड – 249411

Baldau Dewangan
Registrar
Dev Sanskriti Vishwavidyalaya
Gayatrikunj- Shantikunj, Haridwar- 249411

## पी–एच.डी. पाठ्यक्रम

शोध उपाधि पाठ्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी के विद्यार्थियों को अनुसंधान की दिशा में देश व राज्य की वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप नवीन पहलुओं और समस्याओं पर शोध अध्ययन कराने के साथ–साथ शोध प्रविधि का वैज्ञानिक व गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देता है। यह पाठ्यक्रम यू.जी.सी. द्वारा निर्गत मानकों एवं दिशा निर्देशों ( विनियम 2022) के अनुरुप तैयार किया गया है।

## योग्यता

- पीएच–डी. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 55 प्रतिशत (UGC-10 प्वाईन्ट स्केल) अंकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
- जिस विषय में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की है केवल उसी विषय में पीएचडी हेतु आवेदन कर सकते है।
- SC/ST/OBC/Differently-abled category/EWS के अभ्यर्थियों को उत्तराखण्ड शासनादेश के अनुसार स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 55 प्रतिशत में 5 % अंकों की छूट दी जाएगी।
- राज्य सरकार द्वारा निर्धारित आरक्षण नीति अनुमान्य होगी।

## प्रवेश प्रक्रिया (1)

- यूजीसी नेट/यूजीसी सीएसआईआर नेट/गेट/सीईईडी और इसी तरह के राष्ट्रीय स्तर के परीक्षाओं में छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति प्राप्त अभ्यर्थी शोध विमर्श हेतु अर्ह होगे।
- पीएचडी हेतु विद्यार्थियों का अंतिम चयन शोध विमर्श के आधार पर होगा।
- शोध विमर्श की तिथियों का निर्धारण अलग से होगा(प्रवेश पत्र के साथ शोध विमर्श की तिथि से अवगत करा दिया जायेंगा)

## प्रवेश प्रक्रिया (2)

- प्रवेश प्रक्रिया (2) उन अभ्यर्थियों के लिये है जिन्हें छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति प्राप्त नहीं हुई है।
- प्रवेश परीक्षा के लिए दो प्रश्न पत्र होंगे – प्रथम प्रश्न पत्र सभी अभ्यर्थियों के लिये अनिवार्य है यह शोध पद्धति से संबंधित होगा जो 35 अंकों का होगा (शोध पद्धति, research methodology Syllabus विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर देखा जा सकता है (https://dsvv.ac.in/admissions/phd-admission-details/ ) एवं द्वितीय प्रश्न पत्र चयन किये गये विषय अनुसार 35 अंकों (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा नेट की परीक्षा हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम) का होगा।
- प्रथम एवं द्वितीय प्रश्न पत्र, वस्तुनिष्ठ प्रश्नों पर आधारित होगे।
- लिखित प्रवेश परीक्षा 70 अंको की होगी एवं शोध विमर्श 30 अंकों का होगा।

Baldeu Dewangan
Registrar
Dev Sanskriti Vishwavidyalaya
Gayatrikunj- Shantikunj, Haridwar- 249411

- लिखित प्रवेश परीक्षा में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों का शोध विमर्श होगा। (SC/ST/OBC/Differently-abled category/EWS अभ्यर्थियों को में 5 % अंकों की छूट दी जाएगी(45 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं)।
- शोध विमर्श हेतु एक सीट के लिये अधिकतम 3 अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।
- पीएचडी हेतु विद्यार्थियों का अंतिम चयन लिखित परीक्षा एवं शोध विमर्श के आधार पर होगा।

नोट – **प्रवेश प्रक्रिया (1) में स्थान रिक्त रह जाता है तो उस रिक्त स्थान की पूर्ति प्रवेश प्रक्रिया (2) से कर दी जायेंगी, और यदि प्रवेश प्रक्रिया (2) में स्थान रिक्त रह जाता है तो उस रिक्त स्थान की पूर्ति प्रवेश प्रक्रिया (1) से कर दी जायेंगी।**

**अन्य नियम एवं शर्ते**

- स्नातकोत्तर (पोस्ट–ग्रेजुएट) तक की सभी उपाधियाँ एवं अंक–तालिकाओं की सत्यापित प्रतियाँ।
- पासपोर्ट साइज के दो रंगीन फोटो।
- प्रव्रजन प्रमाण पत्र (पंजीयन के समय)।
- विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित वेश–भूषा (छात्राओं हेतु सफ़ेद सलवार कुर्ता या पीली साड़ी एवं छात्रों हेतु सफ़ेद कुर्ता पायजामा या धोती कुर्ता। कोर्स वर्क के पश्चात विभागीय कार्यों चाहे वह कोई भी हो अध्यापन कार्य या कार्यालयीन कार्य के समय में पूर्ण शोध कार्य पूर्ण होने तक छात्राओं को साड़ी एवं छात्रों को कुर्ता पायजामा या धोती कुर्ता पहनना अनिवार्य हैं)
- पूर्णकालिक विधा से शोध कार्य करने वाले सभी शोधार्थियों के लिए कोर्स–वर्क करना अनिवार्य है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित दिशा–निर्देशों के अनुरूप छः माह (एक सेमेस्टर) का नियमित कोर्स–वर्क होगा। शोध कार्य की न्यूनतम 3 वर्ष और अधिकतम 6 वर्ष में शोध कार्य पूर्ण करना होगा (शोध कार्य पूर्ण होन तक पूर्णकालिक विधा के शोधार्थियों को) विश्वविद्यालय परिसर में रहकर करना आवश्यक होगा।
- यदि आप किसी संस्था/सेवा में कार्यरत हैं तो आपको उस संस्था से अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं संस्था का अनुमोदन/अवकाश स्वीकृति पत्र (शोध कार्य पूर्ण होने तक का अवकाश स्वीकृति पत्र) देव संस्कृति विश्वविद्यालय में प्रवेश से पूर्व ही जमा करना आवश्यक है।
- पूर्णकालिक शोध कार्य के साथ–साथ शोधार्थी को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शिक्षण कार्य/कार्यालयीन कार्य/अन्य कार्य करना अनिवार्य होगा।
- कोर्स–वर्क शोध प्रविधि, सांख्यिकी, कम्प्यूटर प्रयोग विधि, विषय ज्ञान, सिनॉप्सिस/रिसर्च प्रपोजल बनाना, संबंधित विषयो में शोध के नवीनतम आयामों पर आधारित होगा।
- कोर्स–वर्क पूर्ण होने पर (छ:माह के पश्चात) एक लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जिसे 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा।
- विश्वविद्यालय नियमों के अनुसार कोर्स–वर्क में 80 प्रतिशत की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

**Baldau Dewangan**
**Registrar**
**Dev Sanskriti Vishwavidyalaya**
**Gayatrikunj- Shantikunj, Haridwar- 249411**

- कोर्स–वर्क के साथ शोध समिति/संवीक्षा समिति के समक्ष शोध विषय का प्रस्तुतीकरण करना होगा। समिति की संस्तुति के पश्चात अभ्यर्थी को शोध संक्षेपिका(सिनॉप्सिस) जमा करनी होगी, तत्पश्चात पंजीकरण का कार्य किया जाएगा।
- अभ्यर्थी को स्वयं प्रत्येक छः माह पर प्रगति रिपोर्ट शोध समिति/संवीक्षा समिति के समक्ष जमा करना एवं प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- सभी नियमों में परिवर्तन का पूर्ण अधिकार मा0 कुलाधिपति महोदय जी के पास सुरक्षित होगा।

**नोट – किसी भी विवाद की स्थिति में निर्णय का अधिकार हरिद्वार न्यायालय का क्षेत्राधिकार होगा।**

## पूर्णकालिक पीएच.डी. हेतु निर्धारित शुल्क

- आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क 4500/–
- कोर्स वर्क शुल्क 50,000/–
- पंजीयन शुल्क 10,000/–
- प्रगति रिपोर्ट शुल्क 1500/–(प्रतिमाह)
- प्री–सब्मिशन शुल्क 5,000/–
- शोध ग्रंथ मूल्यांकन 25,000/–
- पूर्णकालिक शोधार्थियों हेतु अनुरक्षण राशि 24,000/– (प्रति सेमेस्टर)
- शोध कार्य का समय बढ़ाने हेतु निर्धारित शुल्क 10,000/– रूपये मात्र।
- दक्षिण–एशियाई देश (भारत के पड़ोसी देश) जैसे श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, बर्मा, तिब्बत, मालदीव के शोधार्थियों पर भी भारतीय शोधार्थियों के समकक्ष समस्त शुल्क लागू होगा।

Baldau Dewangan
Registrar
Dev Sanskriti Vishwavidyalaya
Gayatrikunj- Shantikunj, Haridwar- 249411

# Full Time Ph.D. Program June 2023

## विषयवार सीटों की संख्या

**Number of seats offered**

| विभाग | अन्य सीटें (प्रवेश प्रक्रिया 2) | अध्येतावृत्ति/छात्रवृत्ति प्राप्त अभ्यर्थी (प्रवेश प्रक्रिया 1) |
|---|---|---|
| • मानवीय चेतना एवं योग विज्ञान (Human Consciousness & Yogic Sciences) | 02 | 01 |
| • मनोविज्ञान (Psychology) | 02 | 01 |
| • पत्रकारिता एवं जन–संचार (Journalism &Mass Communication) | 02 | 01 |
| • कम्प्यूटर विज्ञान (02 सीट वित्त पोषित) (Computer Sciences(02 Seat Funded Ph.D.) | 04 | 01 |
| • पर्यटन प्रबंधन (Tourism Management) | 01 | |
| • भारतीय संस्कृति एवं इतिहास (History and Indian Culture) | 01 | |
| • प्राच्य अध्ययन (दर्शनशास्त्र1, आयुर्वेद1, गणित1, रसायन शास्त्र1, जीव विज्ञान2) | 01–01–01–01–02 | |
| • (Oriental Studies (Philosophy 1, Ayurved 1,Maths Chemical Science1 1Life Science2) | | |
| • भारतीय शास्त्रीय संगीत (गायन 1, वादन 1) (Indian Classical Music (Vocal 1, Tabla 1) | 01 – 01 | |
| • शिक्षाशास्त्र (Education) | 02 | 01 |
| • भाषा विभाग (संस्कृत, हिन्दी) (Indian Languages (Sanskrit 1, Hindi 1) | 01 – 01 | |

*The funded Ph.D. is Industry Sponsored in the area of Artificial Intelligence(details given in annexure 1)

*These two seats are different from2+2 given in the table.

Baldau Dewangan
Registrar
Dev Sanskriti Vishwavidyalaya
Gaya[illegible] Shantikunj, Haridwar- 249411

Annexure 1

Preferred qualification:

- MSc/MCA in computer science or allied field

Preferred Skills

- Machine Learning , and Reinforcement Learning, Optimization techniques
- Experimental design and user studies experience
- Strong programming and analytical thinking skills
- Excellent attention to detail and problem-solving abilities

* कम्प्युटर विज्ञान के पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा के आवेदन कर्ता पीएच.डी. आवेदन फार्म भरने के समय ही phdcell@dsvv.ac.in पर निम्न जानकारी एवं डॉक्यूमेंट (पीडीएफ फाइल) अवश्य भेजें।

Each application should consist of

1. Detailed curriculum vitae, including – if applicable – relevant publications.
2. Statement of purpose
3. An example of technical report writing e.g., publication, or final year project report, or MSc dissertation.
4. The name and email contacts of three academic referees,
5. A cover letter/letter of introduction (max 2000 words). In the letter, applicants should include the following details:
   a. An explanation of your interest in the research to be conducted and why you believe they are suitable for the position.
   b. Details of your final year undergraduate project (if applicable)
   c. Details of your MSc project (if applicable)
   d. Details of any relevant modules previously taken, at undergraduate and/or Master level.
   e. Details of any relevant work experience (if applicable).

To apply for this PhD position, please email the above details to phdcell@dsvv.ac.in

Baldau Dewangan
Registrar
Dev Sanskriti Vishwavidyalaya
Gayatrikunj- Shantikunj, Haridwar- 249411

## जून 2023 पूर्णकालिक पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा की प्रस्तावित महत्त्वपूर्ण तिथियों से संबंधित सूचना

| | |
|---|---|
| • आवेदन पत्र वितरण करने की तिथि | 27 जनवरी 2023 |
| • आवेदन पत्र जमा करने की तिथि | 11 मई 2023 |
| • लिखित प्रवेश परीक्षा की तिथि | 14 मई 2023 |
| • शोध विमर्श हेतु चयनित अभ्यर्थियों की घोषणा | 17 मई 2023 |
| • चयनित अभ्यर्थियों के शोध–विमर्श की संभावित तिथियाँ | 22 मई 2023 से 26 मई 2023 |
| • चयनित अभ्यर्थियों की घोषणा | 01 जून 2023 |
| • पंजीकरण प्रक्रियाँ | 02 जून 2023 से 07 जून 2023 |
| • कोर्स–वर्क प्रारंभ | 15 जून 2023 |

- लिखित परीक्षा का समय प्रातः 11:00 बजे से 01:00 बजे तक रहेगा। लिखित प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से देव संस्कृति विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होगी।

**Baldau Dewangan**
**Registrar**
Dev Sanskriti Vishwavidyalaya
Gayatrikunj- Shantikunj, Haridwar- 249411

**शोध–विमर्श का प्रारूप**

- लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी एवं लिखित परीक्षा से मुक्त अभ्यर्थियों को शोध विमर्श से पूर्व अपने शोध विषय का प्रारूप (टॉपिक विस्तार से) निर्धारित तिथियों के पूर्व पीएच.डी. सेल में जमा करना आवश्यक है। अभ्यर्थी अपने शोध विषय का प्रारूप ई–मेल ( phdcell@dsvv.ac.in ) के द्वारा भी भेज सकते हैं।
- शोध विमर्श समिति के समक्ष प्रत्येक अभ्यर्थी को अधिकतम 10 मिनट का समय प्रस्तुतिकरण हेतु दिया जायेगा।
- शोध विषय प्रस्तुतिकरण का प्रारूप

  0 शोध शीर्षक ( Title of the Study)

  0 शोध परिचय ( Introduction)

  0 अध्ययन की आवश्यकता एवं महत्त्व ( Need of the Study)

  0 अध्ययन की प्रासंगिकता ( Significance of the Study)

  0 पूर्व में हुए शोध ( Review of Literature)

  0 शोध प्रविधि ( Research Methodology)

  0 उपकरण ( Tools)

**नोट – सभी विषयों का शोध विमर्श अलग–अलग निर्धारित तिथियों में होगा। जिस विषय के लिये जो तिथि निर्धारित की गई है उस विषय का उसी दिन शोध विमर्श होगा। शोध विमर्श देव संस्कृति विश्वविद्यालय परिसर में होगा। इसकी सूचना प्रवेश पत्र के साथ दी जायेंगी।**

https://dsvv.ac.in/admissions/phd-admission-details/

Baldau Dewangan
Registrar
Dev Sanskriti Vishwavidyalaya
Gayatrikunj- Shantikunj, Haridwar- 249411